**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 05.09.2024 को आहूत बैठक का कार्यवृत।**

दिनांक 05.09.2024 को जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहे :–

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री जुनैद अहमद | मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 2 | श्री अशोक कुमार सिंह | अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी। |
| 3 | श्री जे.के. गुप्ता | अधी. अभि., खण्ड कार्यालय (वि./याँ.) जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 4 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या., उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 5 | श्री मुकेश पाल सिंह | अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 6 | श्री रजनीश गुप्ता | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., झाँसी। |
| 7 | श्री संदीप शर्मा | सहायक अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, झाँसी। |
| 8 | श्री अर्जुन ठाकुर | टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 9 | श्री राजेश गुप्ता | टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 10 | श्री फैजल सलामत | डिप्टी टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 11 | श्री आर.एल. रमेश | डी.जी.एम., एन.सी.सी., झाँसी। |
| 12 | श्री लक्ष्मीनारायण | जी.एम, बी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 13 | श्री विशाल सिंह | प्रतिनिधि यूनिप्रो टेक्नो इन्फ्रा, झाँसी। |
| 14 | श्री सुभाष विश्नोई | पी.एम., डारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा0 |
| 15 | श्री ओ.वी.एस.एस. मूर्ति | डी.जी.एम. मेसर्स आई.एच.पी., झाँसी। |
| 16 | श्री बलवीर सिंह | प्रतिनिधि, मेसर्स एच.एम.एस. इन्फ्राटेक, आगरा। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :–

- **जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा।**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाये निर्माणाधीन है, जिनके कार्यों की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है :–

**गुलारा ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत 01 नग इन्टेक वेल, 01 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 07 नग ओवर हैड टेक, 04 नग सी.डब्लू.आर., 309.376 किमी. पाइप लाइन तथा 11437 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। 308.730 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 11437 नग गृह संयोजनों का कार्य करते हुये योजना में सम्मिलित 42 ग्रामो में 11417 नग गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। योजना में सम्मिलित 42 ग्रामो में से 41 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी/काटी गयी 98.95 किमी. सड़कों के सापेक्ष 95.43 किमी. सड़क का पुर्नस्थापित करा दिया गया है, शेष 3.52 किमी. सड़क के पुर्नस्थापना का कार्य सितम्बर–2024 में पूर्ण करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय यह भी निर्देश दिये गये कि योजनान्तर्गत जलापूर्ति प्रारम्भ किये गये समस्त ग्रामों को पुनः सत्यापन कराया जायें।

**बघावली ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत 01 नग इन्टेक वेल, 01 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 07 नग ओवर हैड टेक, 04 नग सी.डब्लू.आर., 287.226 किमी. पाइप लाइन तथा 11549 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन एवं

Scanned with OKEN Scanner

क्लीयर वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। 286.943 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 11549 नग गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण करते हुये योजना में सम्मिलित 37 ग्रामों में 11459 नग गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। योजना में सम्मिलित 37 ग्रामों में से 23 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है एवं योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी / काटी गयी 74.36 किमी. सड़को के सापेक्ष 69.57 किमी. सड़क का पुर्नस्थापित करा दिया गया है, शेष 4.80 किमी. सड़क के पुर्नस्थापना प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।

**<u>तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना</u>** :– योजनान्तर्गत 01 नग इन्टेक वेल, 01 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 05 नग ओवर हैड टैक, 04 नग सी.डब्लू.आर., 248.18 किमी. पाइप लाइन तथा 6725 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। 247.63 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 6725 नग गृह संयोजनो का कार्य करते हुये योजना मे सम्मिलित 25 ग्रामो मे 6705 नग गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। योजना मे सम्मिलित 25 ग्रामों से 24 ग्रामो का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झॉसी द्वारा अवगत कराया गया है कि योजनान्तर्गत सम्मिलित ग्रामो मे किये गये गृह संयोजनों का पुनः सत्यापन कराया गया, जिसमे 10 ग्रामो जलापूर्ति बाधित पायी गयी है, जिसके क्रम मे जलापूर्ति बांधित पाये गये ग्रामों में पर्याप्त श्राव पर नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ करते हुये ग्रामो का पुनः सत्यापन कराने हेतु जिलाधिकारी महोदय, झॉसी द्वारा निर्देशित किया गया।



**<u>बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना</u>** :– योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 14 नग ओवर हैड टेक, 8 नग सी.डब्लू.आर., 860.80 किमी. पाइप लाइन तथा 26650 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। 857.125 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 26650 नग गृह संयोजनों का कार्य करते हुये योजना में सम्मिलित 59 ग्रामों में 26430 नग गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। योजना में सम्मिलित 59 ग्रामों से 31 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के डी.जी.एम. श्री आर.एल. रमेश द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में सम्मिलित लगभग 80 प्रतिशत ग्रामो मे गृह संयोजनों के माध्यम से शत–प्रतिशत जलापूर्ति की जा रही है। शेष ग्रामों में बडी हुयी पाइप लाइन बाल्व आदि लगाने हेतु बाल्व की व्यवस्था की जा रही है। शीघ्र ही योजना के समस्त ग्रामों शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

Scanned with OKEN Scanner

**इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वैल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 13 नग ओवर हैड टेक, 08 नग सी.डब्लू.आर., 899.95 तथा 32259 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक इन्टेक वैल–100%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–90%, 13 नग ओवर हैड टेक–90%, 8 नग सी.डब्लू.आर. –90%, 866.80 किमी. पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 3560 नग गृह संयोजनों के माध्यम से योजना में सम्मिलित कुल 87 ग्रामों में से 28 ग्रामों में आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। 27029 नग एच.एस.सी. का कार्य पूर्ण किया चुका है। 5230 नग एफ.एच.टी.सी. के माध्यम से 28 ग्रामों जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। योजना में सम्मिलित 87 ग्रामो से 05 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा एच.एस.सी. को एफ.एच.टी.सी. मे परिवर्तीत करते हुये योजना के समस्त ग्रामो शीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु अनुबन्धित फर्म के डी.जी.एम., श्री लक्ष्मीनारायण को निर्देशित किया गया, जिस पर उनके द्वारा आस्वश्त किया गया कि अक्टूबर–2024 के अन्त तक योजना के समस्त ग्रामों में शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

**टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत 2 नग इन्टेक वेल, 2 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 27 नग ओवर हैड टेक, 20 नग सी.डब्लू.आर., 5.12 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 188.275 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1239.45 किमी. वितरण प्रणाली तथा 54860 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 02 नग इन्टेक वेल–100%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–95%, 27 नग ओवर हैड टेक–95%, 20 नग सी.डब्लू.आर.–95%, 5.57 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 271.37 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1381.50 किमी. वितरण प्रणाली, 48180 नग एच.टी.सी. (अक्रियाशील एफ.एच.टी.सी.) कार्य पूर्ण किया जा चुका है। टेहरका ग्रा.स.पे.यो. में 4440 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 16 नग एवं बरथरी ग्रा.स.पे.यो. में 2240 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 16 नग ग्रामों मे शुद्व पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। शेष कार्य प्रगति पर है। अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया है कि टेहरका ग्राम समूह पे0यो0 के कार्यो को अक्टूबर–2024 एवं बरथरी ग्राम समूह पे0यो0 के कार्यो को नवम्बर–2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जल निगम द्वारा दमोह–पूंछ–गुरसरांय रोड पर सड़क का क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त मार्ग पर पाइप लाइन पर लगे बाल्व के चैम्बर निर्माण हेतु सड़क के शोल्डर का कुछ भाग क्षतिग्रस्त हुआ था, जिसे चैम्बर का निर्माण कराते हुये पुर्नस्थापित करा दिया गया है।



**कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 14 नग ओवर हैड टेक, 11 नग सी.डब्लू.आर., 861.32 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 29406 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन, क्लीयर वाटर राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। योजना मे

Scanned with OKEN Scanner

प्रस्तावित 29406 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 29406 नग गृह संयोजन का कार्य कराते हुये योजना में सम्मिलित समस्त 74 ग्रामो में 28776 नग क्रियाशील गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। योजना में सम्मिलित 74 ग्रामों से 54 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। ग्रामों में शेष 6300 नग एच.एस.सी. संयोजनों को एफ.एच.टी.सी. में परिवर्तित करते हुये योजना के समस्त ग्रामों शीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु अनुबन्धित फर्म के डी.जी.एम. श्री ओ.वी.एस.एस. मूर्ति को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के डी.जी.एम. श्री ओ.वी.एस.एस. मूर्ति द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग 06 माह पूर्व योजनान्तर्गत रानीपुर–निवाड़ी मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान मगरपुर जक्शन से ग्राम अड़जार की ओर सड़क के समानान्तर पूर्व में बिछायी गई 200 मिमी. व्यास डी.आई. के.–9, 150 मिमी. डी.आई. के–7, 50 मिमी. जी.आई. एवं लगभग 150 गृह संयोजन मुख्य मार्ग के नीचे आ जाने के कारण लोक निर्माण विभाग द्वारा उक्त पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, जिसकी मरम्मत हेतु जल निगम (ग्रामीण) द्वारा विभिन्न पत्र प्रेषित करने के उपरान्त भी प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग द्वारा उक्त पाइप लाइन की मरम्मत नही करायी गयी है। योजना के 07 ग्रामों की पेयजल आपूर्ति वर्तमान तक पूर्णतः बन्द है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में विगत माह हुये जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यो की समीक्षा हेतु आहूत बैठक में दिये गये निर्देशानुसार पाइप लाइन मरम्मत पर होने वाले व्यय का प्राक्कलन प्रान्तीय खण्ड को प्रेषित किया गया, जिस पर उनके द्वारा कोई कार्यवाही नही गयी है।

**पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 6 नग ओवर हैड टैंक, 3 नग सी.डब्लू.आर., 323.97 किमी. पाइप लाइन तथा 12762 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष समस्त कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। मात्र 15 नग एच.एस.सी. संयोजनों को एफ.एच.टी.सी में परिवर्तित करने का कार्य शेष है, जिसे शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा। वर्तमान में योजना में समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। योजना में सम्मिलित 32 ग्रामों में से 30 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 02 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य शेष है, जिसे एक सप्ताह में पूर्ण करने हेतु अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक द्वारा आस्वस्त किया गया। योजनान्तर्गत सम्मिलित ग्रामों में किये गये गृह संयोजनों के सत्यापन कार्य के दौरान जलापूर्ति बन्द पाये गये गृह संयोजन में विशेष अभियान चलाते हुये शीघ्र पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने हेतु अनुबन्धित को निर्देशित किया गया।

**बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 9 नग ओवर हैड टैंक, 5 नग सी.डब्लू.आर., 461.23 किमी. पाईप लाइन बिछाने तथा 15848 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टैंक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली पाइप लाईन बिछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। योजना में प्रस्तावित गृह संयोजनों के सापेक्ष 15848 नग गृह संयोजन का कार्य कराते हुये योजना में सम्मिलित समस्त 58 ग्रामों में 15618 नग क्रियाशील गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। 230 नग एच.एस.सी. संयोजनों को एफ.एच.टी.सी में परिवर्तित करने का कार्य शेष है, जिसे शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा। योजना में सम्मिलित 58 ग्रामों में से 54 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 04 ग्रामों के "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य कार्य सितम्बर–2024 तक पूर्ण करने हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि श्री विशाल चौधरी द्वारा आस्वश्त किया गया। बैठक के दौरान योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत भसनेह–गरौठा मार्ग पर बिछायी गयी 250 मिमी. व्यास की डी.आई. के–7 पाइप लाइन को मार्ग चौड़ीकरण के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जबकि पाइप लाइन अधिकांश स्थानों पर मार्ग के सेन्टर से लगभग 6–7 मीटर दूरी पर बिछायी गयी है। सड़क चौड़ीकरण के दौरान मिट्टी भराव हेतु मार्ग के किनारे खेतों से मिट्टी निकालने के दौरान पाइप लाइन कई स्थानों (लगभग 3.00 किमी.) पर क्षतिग्रस्त हो गयी है। जिस कारण 03 ग्रामों की जलापूर्ति पूर्ण रूप से बाधित है, जबकि पाइप लाइन की मरम्मत कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से अनुरोध किया जा चुका है, जिस पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता द्वारा उक्त पाइप लाइन के मरम्मत का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कराने हेतु आस्वश्त किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय, झाँसी के संज्ञान मे आया कि अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं लोक निर्माण विभाग के मध्य आपसी समन्वय न होने के कारण पाइप लाइन बिछाने का कार्य बाधित हो रहा है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देशित किया गया कि उनके द्वारा योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी/काटी गयी सड़कों के पुर्नस्थापना कार्य हेतु ब्लाक स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। अतः बनायी गयी टीम में नियुक्त सदस्यों द्वारा समन्वय स्थापित करते हुये पाइप लाइन बिछाने के कार्यो को कराना सुनिश्चित करें। साथ ही योजनाओं के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्मो को निर्देशित किया गया कि खोदी/काटी गयी सड़कों के पुर्नस्थापना कार्य को गुणवत्तापूर्वक कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में फर्म के विरूद्ध प्रतिकूल कार्यवाही करने के लिये बाध्य होना पड़ेगा।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन (रेट्रोफिटिंग/पुर्नगठन/नई योजनायें) 04 पैकेजों की समीक्षा की गयी, जिसके सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया, कि–

**पैकेज संख्या–01** में सम्मिलित पेयजल योजनान्तर्गत प्रस्तावित 85.98 किमी. पाइप लाइन के सापेक्ष 59.58 किमी. पाइप लाइप की आपूर्ति प्राप्त करते हुये 53.35 किमी. पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना के अवशेष कार्यो को माह नवम्बर–2024 तक पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

**पैकेज संख्या–02** में सम्मिलित पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित 58.832 किमी. वितरण प्रणाली के सापेक्ष 48.195 किमी. पाइप की आपूर्ति प्राप्त करते हुये 48.15 किमी. पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा पैकेज में प्रस्तावित 10 नग नलकूपों के सापेक्ष 6 नलकूपों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पैकेज के कार्यो को नवम्बर–2024 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**पैकेज संख्या–03** में सम्मिलित पेयजल योजनाओं बरौल ग्राम समूह पेयजल योजना में प्रस्तावित 300 किली. क्षमता के अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा पैकेज में सम्मिलित योजनाओं के अवशेष कार्यो को सितम्बर–2024 तक कर लिया जायेगा।

**पैकेज संख्या–04** में सम्मिलित 02 नग योजनाओं में प्रस्तावित 02 नग ओवर हैड टेंक के कार्य क्रमशः 90–90 प्रतिशत एवं 02 नग सी.डब्लू.आर. के कार्य क्रमशः 90–90 प्रतिशत पूर्ण किये जा चुके है। पैकेज में प्रस्तावित वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पैकेज के अवशेष कार्यो को अक्टूबर–2024 के अन्त तक पूर्ण करा लिया जायेगा, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा पैकेजों के कार्यो अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त श्रमिकों एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुये कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। ताकि योजनाओं को जल्द से जल्द उपयोगी बनाया जा सकें।



जनपद झाँसी में निर्माणाधीन जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड़ की जलापूर्ति हेतु निर्माणाधीन योजना के कार्यो की समीक्षा की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित इन्टेक वेल कार्य 90 प्रतिशत, 350 मिमी. व्यास की रॉ–वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य 78 प्रतिशत, 1300 किली. क्षमता के आर.डब्लू.आर. कम पम्प हाउस का निर्माण कार्य 67 प्रतिशत, 1.50 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का कार्य 62 प्रतिशत, 650 किली. क्षमता की स्वच्छ जलाशय का कार्य 70 प्रतिशत तथा वाटर वर्क्स कैम्पस की बाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान तक

Scanned with OKEN Scanner

योजना के 75 प्रतिशत कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है तथा अवशेष कार्यों को योजना के पूर्ण होने की निर्धारित तिथि के अन्दर ही पूर्ण करा लिया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद झाँसी मे अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना के कार्यों की समीक्षा की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना (प्रथम चरण) के लगभग समस्त कार्य पूर्ण किये जा चुके है, जिसमे बराठा बेसिन योजना के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है तथा झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना (द्वितीय चरण) के कार्यों के अन्तर्गत इन्टेक वेल पर एप्रोच ब्रिज पम्प अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान मे द्वितीय चरण के अन्तर्गत प्रस्तावित 21144 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 9800 नग गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान मे वर्षा ऋतु होने के कारण कुछ स्थानों पर जल भराव के कारण योजना के कार्य प्रभावित है तथा दिसम्बर–2024 योजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। जिस जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये अवगत कराया गया है योजना के अवशेष कार्यो को अविलम्ब पूर्ण कराते हुये योजना के माध्यम से शीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि गुरसरांय–गरौठा नगर पेयजल पुनर्गठन योजना के कार्यो को नवम्बर–2024 तक पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी के अन्य नगर जैसे– बरूआसागर, गुरसरांय, मोंठ एवं समथर मे पेयजल आपूर्ति सम्बन्धी निर्माण कार्यो को कराया जा रहा है, जिन्हें निर्धारित समयावधि जुलाई–2025 तक पूर्ण करा लिया जायेगा तथा अन्य नगरों मे पेयजल योजनाओं के कार्यो को निविदा प्रक्रिया कार्य प्रगति पर है।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

अनुमोदित

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

जिलाधिकारी
अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
झाँसी।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।**

पत्रांकः 2114/ N-18 / एस0टी0 / नमामि गंगे / कार्यवृत / 2024 / 113 दिनांकः 10 सितम्बर, 2024

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
3– जिलाधिकारी, झाँसी।
4– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, झाँसी।
5– समस्त सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

Scanned with OKEN Scanner